# प्रारूप-1

## परियोजना का संक्षिप्त विवरण

## प्रतिवेदन

परियोजना का नामः– वित्तीय वर्ष 2020–21 में माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा संख्या 19/2018 लो0नि0वि0 (टी0एस0पी0) के अर्न्तगत जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र नानकमत्ता के अर्न्तगत ग्राम–देवीपुरा से ज्ञानपुर गोढ़ी मोटर मार्ग एंवम् किमी0 2 पर 60 मीटर स्पान के आर0आर0सी0 पी0एस0सी0 गर्डर पुल के निर्माण कार्य (द्वितीय चरण) लम्बाई–2.180 किमी0।

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आय और उत्पादन रोजगार अवसरों के अधिक मात्रा में सृजन एवं स्थाई रूप से गरीबी निवारण करने के उद्देश्य से तराई क्षेत्र में 500 से अधिक आबादी वाले असंयोजित बसावटों को किसी भी बारहमासी सम्पर्क मार्ग से जोड़ने का कार्यक्रम संचालित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग नि0ख0, लो0नि0वि0, खटीमाके अन्तर्गत स्वीकृत है। इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति शासनादेश सं0 **136/111(2)/20–29(प्रा0आ0)/2018, देहरादून, दिनांक–1 फरवरी 2021** द्वारा प्राप्त हुई है।

इस मार्ग का जनपद उधम सिंह नगर में गाम–देवीपुरा से प्रारम्भ होकर ग्राम–ज्ञानपुर गोढ़ी में समाप्त होता है। उक्त मोटर निर्माण का मुख्य लक्ष्य स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा से जोड़ना और ग्राम वासियों द्वारा उत्पादित फल एवं सब्जियों को बाजार तक पहुँचाना एवं इस क्षेत्र को विकास की ओर अग्रसर करना है, इस मोटर मार्ग निर्माण से ग्राम वासियों को रोजगार मिलेगा, ग्राम वासियों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाऍ प्राप्त होंगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जिससे क्षेत्र का समुचित विकास होगा।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों के जनसंख्या लाभांवित होगीः–

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | ज्ञानपुर गोढ़ी | 780 |
| **योग** | | **780** |

उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1:50000 के मानचित्र में उपरोक्तानुसार अनुमोदित समरेखन सं0–1 को लाल स्याही से दर्शाया गया है उक्त समरेखन में नाप भूमि, सिविल सोयम भूमि (राज्य भूमि) से होकर गुजरता है। इस समरेखन में कोई मकान, मंदिर, मस्जिद, कब्रस्तान का भाग नही पड़ता है।

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग के निमार्ण में आरक्षित वन भूमि–0.980, कुल 0.980 है0 वन भूमि प्रभावित होती है। मोटर मार्ग की चौड़ाई 7 मी0 तथा वृक्षों की गणना मात्र 7 मी0 चौड़ाई में की गयी है।

उक्त परियोजनार्थ यह भूमि न्यूनतम भूमि है एवं उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने हेतु यह वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है निर्माण किये जाने हेतु क्षेत्रीय जनता की सहमति प्राप्त है।

उक्त प्रस्तावित वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित करने हेतु वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रेषित किया जा रहा है।

| अमीन | अपर सहायक अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|---|
| नि0ख0,लो0नि0वि0,खटीमा | नि0ख0,लो0नि0वि0,खटीमा | नि0ख0,लो0नि0वि0,खटीमा | नि0ख0,लो0नि0वि0,खटीमा |
| (उधम सिंह नगर) | (उधम सिंह नगर) | (उधम सिंह नगर) | (उधम सिंह नगर) |